arihant

# SSC
# रीजनिंग

## चैप्टरवाइज-टॉपिकवाइज
## सॉल्वड पेपर्स

**7100+**
**TCS MCQs**

दिसम्बर 2022 तक की सभी SSC परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों का कवरेज

CGL (Tier I & II)
CPO (SI/ASI)
CHSL (10+2), MTS
स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' व 'D'
FCI, कॉन्स्टेबल (GD)
इत्यादि

# SSC
# रीजनिंग

## चैप्टरवाइज-टॉपिकवाइज
## सॉल्वड पेपर्स

**7100+**
**TCS MCQs**

दिसम्बर 2022 तक की सभी SSC परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों का कवरेज

CGL (Tier I & II)
CPO (SI/ASI)
CHSL (10+2), MTS
स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' व 'D'
FCI, कॉन्स्टेबल (GD)
इत्यादि

*लेखक*
देवेश सोनकर, पीयूष कौशिक, वरुण बाली

arihant
अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

**arihant**

## अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड
**सर्वाधिकार सुरक्षित**

9 789389 204940

卐 © **प्रकाशक**

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके—इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरण नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।

*सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।*

卐 **रजि. कार्यालय**
'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली- 110002
**फोन:** 011-47630600, 43518550

**मुख्य कार्यालय**
कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)– 250002
**फोन:** 0121-7156203, 7156204

卐 **शाखा कार्यालय**
आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर तथा पुणे

卐 **मूल्य** ₹ 650.00

卐 **PO No :** TXT-XX-XXXXXXX-X-XX

**प्रोडक्शन टीम**

| | | | |
|---|---|---|---|
| *पब्लिशिंग मैनेजर* | – महेन्द्र सिंह रावत | *इनर डिज़ाइनर* | – अंकित सैनी |
| *प्रोजेक्ट हैड* | – शाहिद सैफी | *पेज लेआउट* | – अनिल सैनी, सोनू कुमार |
| *कवर डिज़ाइनर* | – शानू मंसूरी | *प्रूफ रीडर* | – राशिद, सागर, शिवम, अरुण |

*PUBLISHED BY ARIHANT PUBLICATIONS (INDIA) LTD.*

'अरिहन्त' की पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.arihantbooks.com** पर लॉग इन करें या **info@arihantbooks.com** पर सम्पर्क करें।

**Follow us on...**

# विषय–सूची


**1. सादृश्यता** **1-63**
- शब्द सादृश्यता/समरूपता पर आधारित प्रश्न
- अक्षर सादृश्यता/समरूपता पर आधारित प्रश्न
- संख्या सादृश्यता/समरूपता पर आधारित प्रश्न
- अक्षर–संख्या सादृश्यता/समरूपता पर आधारित प्रश्न

**2. वर्गीकरण** **64-101**
- शब्दों पर आधारित प्रश्न
- अक्षरों/वर्ण पर आधारित प्रश्न
- संख्याओं पर आधारित प्रश्न

**3. शब्दों का तार्किक क्रम एवं शब्द निर्माण** **102-129**
- घटना या समूह पर आधारित प्रश्न
- अंग्रेजी शब्दकोश पर आधारित प्रश्न
- शब्द निर्माण पर आधारित प्रश्न

**4. कूटलेखन–कूटवाचन** **130-179**
- अक्षर कोडिंग पर आधारित प्रश्न
- संख्या कोडिंग पर आधारित प्रश्न
- वाक्य कोडिंग पर आधारित प्रश्न
- शब्द प्रतिस्थापन कोडिंग पर आधारित प्रश्न
- प्रतीक कोडिंग पर आधारित प्रश्न

**5. श्रृंखला** **180-222**
- संख्या श्रृंखला पर आधारित प्रश्न
- अक्षर श्रृंखला पर आधारित प्रश्न
- अक्षर पैटर्न पूर्ति पर आधारित प्रश्न
- विविध

**6. दिशा एवं दूरी** **223-252**
- दिशा पर आधारित प्रश्न
- दूरी पर आधारित प्रश्न
- दिशा और दूरी पर आधारित प्रश्न

**7. रक्त सम्बन्ध** **253-272**
- तथ्यों पर आधारित प्रश्न
- कथन पर आधारित प्रश्न
- संकेत एवं चिह्न पर आधारित प्रश्न

**8. क्रम एवं बैठक व्यवस्थिकरण** **273-298**
- तुलनात्मक क्रम पर आधारित प्रश्न
- समूह में क्रम या स्थान पर आधारित प्रश्न
- रेखीय या क्षैतिज व्यवस्था पर आधारित प्रश्न
- वृत्ताकार व्यवस्था पर आधारित प्रश्न
- पहेली पर आधारित प्रश्न

**9. घड़ी एवं कैलेण्डर** **299-306**
- तिथि एवं कैलेण्डर पर आधारित प्रश्न
- घड़ी एवं समय पर आधारित प्रश्न

**10. गणितीय संक्रियाएँ** **307-337**
- व्यंजक का मान ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न
- समीकरण में चिह्न एवं संख्याओं के परिवर्तन पर आधारित प्रश्न
- लुप्त पदों में गणितीय चिह्नों के भरने पर आधारित प्रश्न
- सन्तुलित समीकरण ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

**11. गणितीय तर्कशक्ति** **338-364**
- आयु पर आधारित प्रश्न
- अंकगणितीय संक्रियाओं पर आधारित प्रश्न

**12. लुप्त पदों को भरना** **365-398**
- आव्यूह एवं ज्यामिति आकृति में लुप्त पद भरना
- समूह में लुप्त पद ज्ञात करना

**13. घन, घनाभ एवं पासा** **399-420**
- घन, घनाभ पर आधारित प्रश्न
- पासे में किसी फलक के विपरीत आने वाली फलक ज्ञात करना
- पासे की प्रसारित सतहों पर आधारित प्रश्न

**14. वेन आरेख** **421-454**
- सम्बन्धों की पहचान पर आधारित प्रश्न
- विश्लेषणात्मक वेन आरेख पर आधारित प्रश्न

**15. न्याय–निगमन** **455-485**
- दो कथनों पर आधारित प्रश्न
- तीन या तीन से अधिक कथनों पर आधारित प्रश्न

**16. विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति** **486-503**
- निष्कर्ष ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न
- तर्क/पूर्वानुमान/कार्यवाही ज्ञात करने पर आधारित प्रश्न

**17. आव्यूह परीक्षण** **504-514**

**18. सादृश्यता** **515-526**

**19. वर्गीकरण** **527-531**

**20. आकृतियों की शृंखला** **532-558**

**21. प्रतिरूपण पूर्ण करना** **559-574**

**22. सन्निहित आकृतियाँ** **575-600**
- जब प्रश्न आकृति, उत्तर आकृति में सन्निहित हो
- जब उत्तर आकृति, प्रश्न आकृति में सन्निहित हो

**23. आकृतियों की गिनती** **601-615**

**24. दर्पण एवं जल प्रतिबिम्ब** **616-641**
- ऊर्ध्वाधर दर्पण प्रतिबिम्ब पर आधारित प्रश्न
- क्षैतिज दर्पण/जल प्रतिबिम्ब पर आधारित प्रश्न

**25. कागज मोड़ना एवं काटना** **642-665**
- कागज काटने पर आधारित प्रश्न
- कागज मोड़ने पर आधारित प्रश्न

# SSC परीक्षाओं

में वर्ष 2022 - 2020 में पूछे गए प्रश्नों का

## अध्यायवार विभाजन

| S. No. | Topic | SSC CGL Tier I 2022 (Dec./22) | SSC CPO 2022 (Nov./22) | SSC Steno 2022 (Nov./22) | SSC MTS 2022 (July/22) | SSC(10+2) Tier I 2021 (May/22) | SSC CGL Tier I 2022(Apr./22) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सादृश्यता | 5 | 6 | 9 | 5 | 2 | 2 |
| 2. | वर्गीकरण | 2 | 2 | 2 | - | 1 | 1 |
| 3. | शब्दों का तार्किक क्रम एवं शब्द निर्माण | 1 | 2 | 2 | - | 2 | 1 |
| 4. | कूटलेखन–कूटवाचन | 2 | 4 | 4 | 4 | 2 | 3 |
| 5. | शृंखला | 3 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 6. | दिशा एवं दूरी | - | 2 | 2 | - | - | - |
| 7. | रक्त सम्बन्ध | 2 | 2 | 2 | - | - | 1 |
| 8. | क्रम एवं बैठक व्यवस्थिकरण | - | 2 | 3 | 3 | 1 | 1 |
| 9. | घड़ी एवं कैलेण्डर | - | - | 1 | - | - | - |
| 10. | गणितीय संक्रियाएँ | 3 | 7 | 6 | 2 | - | 2 |
| 11. | गणितीय तर्कशक्ति | - | - | - | - | - | 1 |
| 12. | लुप्त पदों को भरना | - | - | - | - | 4 | 1 |
| 13. | घन, घनाभ एवं पासा | 1 | 1 | - | - | - | 2 |
| 14. | वेन आरेख | - | 2 | 2 | - | 1 | 1 |
| 15. | न्याय–निगमन | 2 | 2 | 3 | 2 | - | 1 |
| 16. | विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति | - | - | 1 | - | - | - |
| 17. | आव्यूह परीक्षण | - | - | - | - | - | - |
| 18. | सादृश्यता | - | - | - | - | - | - |
| 19. | वर्गीकरण | - | - | - | - | - | - |
| 20. | आकृतियों की शृंखला | 2 | 3 | 2 | 2 | - | 1 |
| 21. | प्रतिरूपण पूर्ण करना | - | - | 3 | 1 | - | - |
| 22. | सन्निहित आकृतियाँ | - | 3 | - | 1 | 1 | 1 |
| 23. | आकृतियों की गिनती | - | - | 1 | - | - | - |
| 24. | दर्पण एवं जल प्रतिबिम्ब | 2 | 2 | - | 2 | 4 | 1 |
| 25. | कागज मोड़ना एवं काटना | - | 2 | - | - | 1 | 1 |
| | **योग** | **25** | **50** | **50** | **25** | **25** | **25** |

| S. No. | Topic | SSC Steno 2022 (Nov./22) | SSC MTS 2021 (Nov./22) | SSC CGL 2021 (June/21) | SSC(10+2) Tier-I 2021 (May/22) | SSC Steno 2020 (Dec./20) | SSC CPO 2021 (Nov./20) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सादृश्यता | 4 | 5 | 8 | 6 | 4 | 3 |
| 2. | वर्गीकरण | 2 | - | 3 | 3 | 2 | 2 |
| 3. | शब्दों का तार्किक क्रम एवं शब्द निर्माण | 3 | 2 | 1 | 1 | 3 | 2 |
| 4. | कूटलेखन–कूटवाचन | 3 | 4 | 2 | 2 | 3 | 5 |
| 5. | शृंखला | 8 | 3 | 3 | 2 | 7 | 7 |
| 6. | दिशा एवं दूरी | 3 | - | - | - | 3 | 2 |
| 7. | रक्त सम्बन्ध | 3 | - | 1 | 1 | 3 | 2 |
| 8. | क्रम एवं बैठक व्यवस्थिकरण | 4 | 2 | - | - | 4 | 2 |
| 9. | घड़ी एवं कैलेण्डर | - | - | - | - | 1 | - |
| 10. | गणितीय संक्रियाएँ | 3 | 2 | 1 | 1 | 3 | 3 |
| 11. | गणितीय तर्कशक्ति | 3 | - | 1 | 1 | 3 | 3 |
| 12. | लुप्त पदों को भरना | 4 | - | 2 | - | 4 | 4 |
| 13. | घन, घनाभ एवं पासा | - | - | 1 | 1 | - | 2 |
| 14. | वेन आरेख | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 |
| 15. | न्याय–निगमन | 3 | 2 | 1 | 1 | 3 | 2 |
| 16. | विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति | - | - | - | - | - | - |
| 17. | आव्यूह परीक्षण | - | - | - | - | - | - |
| 18. | सादृश्यता | - | - | - | - | - | - |
| 19. | वर्गीकरण | - | - | - | - | - | - |
| 20. | आकृतियों की शृंखला | 2 | 1 | 1 | 1 | 2 | 3 |
| 21. | प्रतिरूपण पूर्ण करना | - | 1 | - | - | - | - |
| 22. | सन्निहित आकृतियाँ | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 |
| 23. | आकृतियों की गिनती | - | - | 1 | 1 | - | - |
| 24. | दर्पण एवं जल प्रतिबिम्ब | 1 | - | 1 | 1 | 1 | 2 |
| 25. | कागज मोड़ना एवं काटना | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 |
| | **योग** | **50** | **25** | **25** | **25** | **50** | **50** |

अध्याय

# 01

# सादृश्यता

सादृश्यता (Analogy) का शाब्दिक अर्थ समानता है। सादृश्यता परीक्षण का उद्देश्य विभिन्न तत्वों, वस्तुओं, घटनाओं, क्रियाओं इत्यादि के बीच समानता या उनमें अन्तर्निहित आन्तरिक सम्बन्धों को समझने एवं विश्लेषण करने की योग्यता की जाँच करना है।

इस अध्याय से सम्बन्धित पूछे जाने वाले प्रश्नों में दो युग्म या जोड़े दिए गए होते हैं। इनमें से एक युग्म या जोड़े के दोनों तत्व दिए गए होते हैं जबकि दूसरे युग्म का सिर्फ एक तत्व दिया गया होता है और दूसरे तत्व के स्थान पर प्रश्नवाचक चिन्ह (?) होता है। दिए गए पहले युग्म का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर उसके तत्वों के बीच सम्बन्ध ज्ञात करते हैं। यही सम्बन्ध दूसरे युग्म में लागू कर प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाले तत्व को ज्ञात करते हैं।

*सादृश्यता के अन्तर्गत आने वाले प्रश्न निम्न प्रकारों पर आधारित होते हैं*

## 1. शब्द सादृश्यता/समरूपता

शब्द सादृश्यता/समरूपता के अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में शब्दों के दो युग्म दिए गए होते हैं। इन दो युग्मों में किसी एक युग्म में एक शब्द के स्थान पर प्रश्नचिन्ह दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को पहले युग्म के शब्दों के बीच सम्बन्ध को ज्ञात कर उत्तर विकल्पों में से उस शब्द का चयन करना होता है जिसका सम्बन्ध दूसरे युग्म के शब्द से वैसा ही होता है जैसा कि पहले युग्म के शब्दों के बीच होता है। कुछ प्रश्नों में केवल एक युग्म दिया गया होता है तथा अभ्यर्थियों को उस युग्म के समान युग्म उत्तर विकल्पों में से ज्ञात करना होता है।

**उदाहरण 1.** 'मवेशी' शब्द 'झुण्ड' से उसी तरह सम्बन्धित है जैसे 'खिलाड़ी' ........... से सम्बन्धित है। **[SSC MTS 2022]**

(a) टीम (b) टूर्नामेण्ट (c) गैंग (d) मेडल

***हल (a)*** जिस प्रकार, मवेशी का समूह झुण्ड कहलाता है। उसी प्रकार, खिलाड़ी का समूह टीम कहलाता है।

**उदाहरण 2.** उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है।

कैनबरा : ऑस्ट्रेलिया :: दोहा : ? **[SSC MTS 2022]**

(a) कुवैत (b) कतर (c) ईरान (d) यमन

***हल (b)*** जिस प्रकार, कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया की राजधानी है। उसी प्रकार दोहा, कतर की राजधानी है।

## 2. अक्षर सादृश्यता/समरूपता

अक्षर सादृश्यता/समरूपता पर आधारित प्रश्नों में अक्षरो/अक्षर-समूहों के दो युग्म दिए गए होते हैं। पहले युग्म में, दो अक्षर/अक्षर-समूह दिए गए होते हैं तथा दूसरे युग्म में केवल एक अक्षर/अक्षर-समूह होता है। पहले युग्म के दोनों अक्षर/अक्षर-समूह के मध्य कुछ खास सम्बन्ध होता है।


अभ्यर्थियों को इस सम्बन्ध को ज्ञात करना होता है और इसी सम्बन्ध के आधार पर दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर/अक्षर-समूह को चुनना होता है जो दूसरे युग्म को पूरा करे। अक्षर समरूपता से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने हेतु अंग्रेजी वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर का आरम्भ तथा अन्त से क्रमांकिक मान का ज्ञान होना आवश्यक है।

**उदाहरण 3.** उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे अक्षर-समूह से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से सम्बन्धित है।


LOB : DQN :: HER : ? **[SSC CGL 2022]**

(a) JGU (b) JGT (c) TGK (d) TGJ

***हल (d)*** जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




## 3. संख्या सादृश्यता/समरूपता

संख्या सादृश्यता/समरूपता पर आधारित प्रश्नों में संख्या/संख्या समूह के एक या दो युग्म दिए गए होते हैं। पहले युग्म में, दो संख्याएँ/तीन संख्याओं का एक समूह दिया गया होता है। पहले युग्म के दो/तीन संख्याओं के मध्य कुछ विशेष सम्बन्ध दिया गया होता है। अभ्यर्थियों को इस विशेष सम्बन्ध को ज्ञात करके पूछे गए प्रश्न का उत्तर दिए गए विकल्पों में से ज्ञात करना होता है।

संख्या समरूपता में संख्याओं के बीच निहित सम्बन्धों के आधार पर प्रश्न पूछे जाते हैं। ये सम्बन्ध संख्याओं के क्रम, उनके वर्गों या घनों के क्रम, अभाज्य संख्याओं के क्रम आदि गणितीय संक्रियाओं पर आधारित होते हैं।

संख्या समरूपता से सम्बन्धित प्रश्नों को हल करने हेतु कम-से-कम 1 से 20 तक की संख्याओं के पूर्ण वर्ग तथा कम-से-कम 1 से 10 तक की संख्याओं के पूर्ण घन की जानकारी होना बहुत आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त किसी भी संख्या के अंकों के बीच गुणा, भाग, जोड़ तथा घटाव भी अन्तर्निहित हो सकते हैं।

**उदाहरण 4.** दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित संख्या चुनिए।

15 : 32 :: 32 : ?

(a) 66 (b) 49 (c) 56 (d) 48

***हल*** *(a)* जिस प्रकार, उसी प्रकार,

$15 \xrightarrow{\times 2 + 2} 32$ $32 \xrightarrow{\times 2 + 2} \boxed{66}$

## 4. अक्षर-संख्या सादृश्यता/समरूपता

अक्षर-संख्या सादृश्यता/समरूपता के अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में '::' चिन्ह के बाईं ओर एक अक्षर-युग्म व संख्याएँ तथा दाईं ओर एक अक्षर-युग्म/संख्याएँ एवं एक प्रश्नवाचक चिन्ह (?) दिया गया होता है। आपको यह ज्ञात करना होता है कि दिए गए वैकल्पिक अक्षर-युग्म/संख्याओं में से कौन-सा अक्षर-युग्म या कौन-सी संख्या ऐसी है जिसका दाईं ओर वाले अक्षर-युग्म/संख्या से ठीक उसी प्रकार का सम्बन्ध है जैसा कि बाईं ओर के अक्षर-युग्म व संख्याओं में है।

**उदाहरण 5.** निम्नलिखित में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

PRABHAT : 07 :: TANUJA : ?

(a) 08 (b) 05

(c) 06 (d) 09

***हल*** *(c)* जिस प्रकार, PRABHAT : 07 ⇒ शब्द में प्रयुक्त कुल वर्णों की संख्या = 07

उसी प्रकार, TANUJA : $\boxed{06}$

⇒ शब्द में प्रयुक्त कुल वर्णों की संख्या = 06

# SSC परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न

## *प्रकार 1* शब्द सादृश्यता/समरूपता पर आधारित प्रश्न

**निर्देश** (प्र. सं. 1-21) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**1.** फिल्म : डायरेक्टर :: आर्केस्ट्रा : ? **[SSC CGL 2022]**

(a) नर्तक (b) कण्डक्टर

(c) श्रोता/दर्शक (d) कोरियोग्राफर

*(b)* जिस प्रकार, 'फिल्म' का निर्माण 'डायरेक्टर' द्वारा किया जाता है, उसी प्रकार 'आर्केस्ट्रा' ग्रुप का निर्माण कण्डक्टर द्वारा किया जाता है।

**2.** ठोस : जमना : : गैसें : ? **[SSC CGL 2022]**

(a) दुर्गन्ध (b) जमना

(c) वाष्पित होना (d) पिघलना

*(c)* जिस प्रकार, जल जमने के बाद ठोस में परिवर्तित हो जाता है, उसी प्रकार, जल वाष्पित होने पर गैस में परिवर्तित हो जाता है।

**3.** पशु : झुण्ड **[SSC CGL 2022]**

(a) नाविक : चालक दल

(b) खिलाड़ी : श्रेणी

(c) विद्यार्थी : टीम

(d) सैनिक : कालोनी

*(a)* जिस प्रकार, पशुओं के समूह को झुण्ड कहते हैं, उसी प्रकार, नाविकों के समूह को चालक दल या कर्मीदल कहते हैं।

**4.** चावल : कार्बोहाइड्रेट **[SSC CGL 2022]**

(a) सन्तरा : फल (b) बैंगन : सब्जी

(c) माँस : चिकन (d) पनीर : प्रोटीन

*(d)* जिस प्रकार, 'चावल' से 'कार्बोहाइड्रेट' प्राप्त होता है, उसी प्रकार, 'पनीर' से प्रोटीन प्राप्त होता है।

**5.** बछड़ा : मवेशी :: घोड़े का बच्चा : ? **[SSC CGL 2022]**

(a) घोड़ा (b) हाथी

(c) कंगारू (d) हिरन

*(a)* जिस प्रकार, 'बछड़ा' बड़ा होकर मवेशी बनता है, उसी प्रकार, 'घोड़े का बच्चा' बड़ा होकर 'घोड़ा' बनता है।

**6.** मधुमक्खियाँ : झुण्ड :: बन्दर : ? **[SSC CGL 2022]**

(a) कालोनी (b) शोल

(c) दल (d) समूह

*(c)* जिस प्रकार, मधुमक्खियाँ, झुण्ड में रहती हैं, उसी प्रकार, बन्दर, दल में रहते हैं।

**7.** बल : न्यूटन : : धारा : ? **[SSC CPO 2022]**

(a) विभव (b) आवेश

(c) ऐम्पियर (d) कूलॉम

*(c)* जिस प्रकार, बल का मात्रक न्यूटन है। उसी प्रकार, विद्युत धारा का मात्रक ऐम्पियर है।

**8.** परेशान : चिन्तित : : निश्चिन्त : ? **[SSC CPO 2022]**

(a) व्याकुल (b) शान्त

(c) व्यथित (d) अशान्त

*(b)* जिस प्रकार, परेशान व्यक्ति चिन्तित होता है, उसी प्रकार, निश्चिन्त व्यक्ति शान्त होता है।

**9.** फिजियोलॉजी : मानव शरीर **[SSC CPO 2022]**

(a) ऑर्नियोलॉजी : कीट

(b) पेट्रोलॉजी : चट्टान

(c) एंथ्रोपोलॉजी : डायनासोर

(d) एंटोमोलॉजी : पक्षी

*(b)* जिस प्रकार, फिजियोलॉजी के अन्तर्गत मानव शरीर का अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार, पेट्रोलॉजी के अन्तर्गत चट्टानों का अध्ययन किया जाता है।

**10.** जन्तु : जूलॉजी (Zoology) : : पौधे : ? **[SSC Steno 2022]**

(a) जियोलॉजी (Geology)

(b) बायोलॉजी (Biology)

(c) पेलिऑण्टोलॉजी (Palaeontology)

(d) बॉटनी (Botany)

*(d)* जिस प्रकार, जन्तुओं का अध्ययन जूलॉजी के अन्तर्गत किया जाता है, उसी प्रकार, पौधों का अध्ययन बॉटनी के अन्तर्गत किया जाता है।

**11.** विराट कोहली : क्रिकेट :: साइना नेहवाल : बैडमिण्टन :: विश्वनाथन आनन्द :? **[SSC CGL 2022]**

(a) फुटबॉल
(b) टेनिस
(c) शतरंज
(d) बास्केटबॉल

*(c)* जिस प्रकार, विराट कोहली, एक क्रिकेट खिलाड़ी है और साइना नेहवाल, एक बैडमिण्टन खिलाड़ी है, उसी प्रकार, विश्वनाथन आनन्द, एक शतरंज खिलाड़ी है।

**12.** हस्तलेख : ग्राफोलॉजी **[SSC CGL 2021]**

(a) भूकम्प : पोमोलॉजी
(b) मृदा : ऑर्निथोलॉजी
(c) पदार्थ : भौतिकी
(d) जीवाश्म : पेडोलॉजी

*(c)* जिस प्रकार 'हस्तलेख' की बनावट का अध्ययन 'ग्राफोलॉजी' कहलाता है, उसी प्रकार 'पदार्थों' की संरचना का अध्ययन 'भौतिकी' कहलाता है।

**13.** नवजात : नवोदित : : अनुलग्नक : ? **[SSC CGL 2021]**

(a) दृढ़ (b) समर्थित
(c) विरुद्ध (d) कार्यात्मक

*(b)* जिस प्रकार, 'नवजात' और 'नवोदित' समानार्थी शब्द हैं, उसी प्रकार 'अनुलग्नक' और 'समर्थित' समानार्थी शब्द हैं।

**14.** जाकिर हुसैन : तबला **[SSC CGL 2021]**

(a) हरिप्रसाद चौरसिया : बाँसुरी
(b) बिस्मिल्ला खान : सरोद
(c) रवि शंकर : सन्तूर
(d) अमजद अली खान : शहनाई

*(a)* जिस प्रकार 'जाकिर हुसैन' एक 'तबला वादक' हैं, उसी प्रकार 'हरिप्रसाद चौरसिया' एक 'बाँसुरी वादक' हैं।

**15.** चमगादड़ : कॉलोनी : : शेर : ? **[SSC CGL 2021]**

(a) हर्ड (b) बैण्ड
(c) प्राइड (d) चार्म

*(c)* जिस प्रकार 'चमगादड़' के झुण्ड को 'कॉलोनी' कहते हैं, उसी प्रकार, 'शेर' के झुण्ड को 'प्राइड' कहते हैं।

**16.** कंगाल : दौलतमंद : : प्रतिशोधी : ? **[SSC CGL 2021]**

(a) विस्मरणशील (b) क्षमाशील
(c) मध्यमार्गी (d) निर्भय

*(b)* जिस प्रकार 'कंगाल' का विपरीत शब्द 'दौलतमंद' है, उसी प्रकार 'प्रतिशोधी' का विपरीत शब्द 'क्षमाशील' है।

**17.** हंस : हंसशावक **[SSC CGL 2021]**

(a) व्हेल : मछलियों का झुण्ड
(b) पेरु पक्षी : चूजा
(c) मछली : पशुशावक
(d) हिरन : कंगारूशावक

*(b)* जिस प्रकार 'हंस' के नवजात बच्चे को 'हंसशावक' कहते हैं, उसी प्रकार 'पेरु पक्षी' के नवजात बच्चे को 'चूजा' कहते हैं।

**18.** फूल: पुष्पोत्पादन **[SSC CGL 2021]**

(a) मशरूम : द्राक्षा-कृषि
(b) रेशम : वन-संवर्धन
(c) शहद : बागवानी
(d) केंचुआ : कृमि-पालन

*(d)* जिस प्रकार 'फूलों' की खेती को 'पुष्पोत्पादन' कहते हैं, उसी प्रकार 'केंचुआ' पालने को 'कृमि पालन' कहा जाता है।

**19.** भेड़ : मेमना :: तिलचट्टा :? **[SSC CGL 2021]**

(a) इल्ली (b) बछेड़ी
(c) लार्वा (d) निम्फ

*(d)* जिस प्रकार 'भेड़' 'मेमने' का परिपक्व रूप है, उसी प्रकार 'तिलचट्टा' 'निम्फ' का परिपक्व रूप है। अर्थात् जिस प्रकार 'भेड़' के बच्चे को 'मेमना' कहते हैं, उसी प्रकार 'तिलचट्टा' के बच्चे को 'निम्फ' कहते हैं।

**20.** खराब : अच्छा :: खानाबदोश : ? **[SSC CGL 2021]**

(a) आबाद (b) बेघर
(c) लापरवाह (d) निशाचर

*(a)* जिस प्रकार 'खराब' का विपरीत 'अच्छा' होता है, उसी प्रकार 'खानाबदोश' का विपरीत 'आबाद' होता है।

**21.** दन्त-चिकित्सक : अस्पताल : **[SSC CGL 2021]**

(a) डॉक्टर : उपचार
(b) अपराधी : पुलिस थाना
(c) अभियन्ता : डिजाइन
(d) प्रोफेसर : विश्वविद्यालय

*(d)* जिस प्रकार 'दन्त चिकित्सक' 'अस्पताल' में होते हैं, उसी प्रकार 'प्रोफेसर' 'विश्वविद्यालय' में होते हैं।

**22.** 'पूर्व' का 'दिशा' से वही सम्बन्ध है जो 'ग्रीष्म ऋतु' का '......' से है। **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) तापमान (b) गर्मी
(c) मौसम (d) रूम कूलर

*(c)* जिस प्रकार 'पूर्व' दिशा का एक प्रकार है, उसी प्रकार 'ग्रीष्म ऋतु' 'मौसम' का एक प्रकार है।

**निर्देश** (प्र. सं. 23-27) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**23.** खगोल विद्या : ग्रह **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) मुद्राशास्त्र : सिक्के
(b) मनोविज्ञान : कोशिकाएँ
(c) भूकम्प-विज्ञान : थिएटर
(d) भाषा विज्ञान : संरचना

*(a)* जिस प्रकार 'खगोल विद्या' में 'ग्रहों' के बारे में अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार 'मुद्राशास्त्र' में 'सिक्कों' के बारे में अध्ययन किया जाता है।

**24.** कीटविज्ञान : कीड़े : : जीवाश्मिकी : ? **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) भूकम्प (b) जीवाश्म
(c) ऑटोमोबाइल (d) खनिज

*(b)* जिस प्रकार 'कीटविज्ञान' में 'कीड़ों' के बारे में अध्ययन किया जाता है उसी प्रकार 'जीवाश्मिकी' में 'जीवाश्मों' के बारे में अध्ययन किया जाता है।

**25.** लीबिया : त्रिपोली **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) कम्पाला : युगाण्डा
(b) हरारे : जिम्बाब्वे
(c) अफगानिस्तान : जकार्ता
(d) जाम्बिया : लुसाका

*(d)* जिस प्रकार 'लीबिया' की राजधानी 'त्रिपोली' है, उसी प्रकार 'जाम्बिया' की राजधानी 'लुसाका' है।

**26.** बिस्तर : गद्दा : : कुर्सी : ? **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) बोरा (b) फॉम
(c) कुशन (d) तकिया

*(c)* जिस प्रकार 'बिस्तर' पर 'गद्दा' रखा जाता है, उसी प्रकार 'कुर्सी' पर 'कुशन' रखा जाता है।

**27.** वृद्धि : विस्तार **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) अस्थायी : स्थायी (b) पहला : अन्तिम
(c) बच्चा : जन्म (d) आग्रह : अनुरोध

*(d)* जिस प्रकार 'वृद्धि' और 'विस्तार' पर्यायवाची शब्द हैं, उसी प्रकार 'आग्रह' और 'अनुरोध' पर्यायवाची शब्द हैं।

**28.** 'कंगन' जिस प्रकार 'आभूषण' से सम्बन्धित है। उसी प्रकार 'लौंग' ......... से सम्बन्धित है। **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) मसाले (b) रसोई
(c) स्वाद (d) खाना पकाना

*(a)* जिस प्रकार 'कंगन' एक 'आभूषण' है, उसी प्रकार 'लौंग' एक 'मसाला' है।

**निर्देश** (प्र. सं. 29-32) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द समूह को चुनिए।*

**29.** कण्ठहार : सोना **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) कुम्हार : मिट्टी
(b) समुद्र : नदी
(c) घास : लॉन
(d) कागज : काष्ठ लुगदी

***(d)*** जिस प्रकार 'कण्ठहार', 'सोने' से बनता है। उसी प्रकार 'कागज', 'काष्ठ लुगदी' से बनता है।

**30.** मच्छर : झुण्ड (स्वॉर्म) **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) साँप : खोजी (b) बन्दर : प्राईड
(c) बिल्ली : मर्डर (d) शार्क : स्कूल

***(d)*** जिस प्रकार 'मच्छरों' के समूह को 'झुण्ड (स्वॉर्म)' कहते हैं, उसी प्रकार 'शार्क' मछलियों के समूह को 'स्कूल' कहते हैं।

**31.** झुण्ड : भेड़ :: भीड़ : ? **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) मक्खी (b) मनुष्य
(c) हंस (d) मछली

***(b)*** जब बहुत सारी 'भेड़ें' एक जगह एकत्रित हो जाती हैं तो उसे 'झुण्ड' कहते हैं, उसी प्रकार से जब बहुत सारे 'मनुष्य' एक जगह एकत्रित हो जाते हैं तो उसे 'भीड़' कहते हैं।

**32.** ऐमीटर : विद्युत धारा **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) दाब : बैरोमीटर
(b) घनत्व : लैक्टोमीटर
(c) ध्रुवणमापी : चरण
(d) हाइग्रोमीटर : आर्द्रता

***(d)*** जिस प्रकार 'विद्युत धारा' को मापने के लिए 'ऐमीटर' का उपयोग होता है, उसी प्रकार, 'आर्द्रता' को मापने के लिए 'हाइग्रोमीटर' का उपयोग होता है।

**33.** जिस प्रकार 'तिनका' 'घोसले' से सम्बन्धित है, ठीक उसी प्रकार 'कपास' '.........' से सम्बन्धित है। **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) धागा (b) ऊन
(c) सिलाई (d) कपड़ा उद्योग

***(a)*** जिस प्रकार 'चिड़िया' 'तिनके' से 'घोसला' बनाती है, उसी प्रकार 'कपास' से 'धागा' बनाया जाता है।

**निर्देश** (प्र. सं. 34-36) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**34.** वृत्त : चाप :: फूल : ? **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) रंग (b) खुशबू
(c) सुगंध (d) पंखुड़ी

***(d)*** जिस प्रकार 'चाप' 'वृत्त' का एक भाग होता है, उसी प्रकार 'पंखुड़ी' 'फूल' का एक भाग होती है।

**35.** चम्मच : भोजन भरण (ग्रहण) : : सूक्ष्मदर्शी : ? **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) पिसाई (b) ऊष्मन
(c) आवर्धन (d) विकिरण

***(c)*** जिस प्रकार 'चम्मच' से 'भोजन ग्रहण' किया जाता है। उसी प्रकार 'सूक्ष्मदर्शी' से 'आवर्धन' (छोटे आकार वाली वस्तु के आकार को बिना बढ़ाएँ देखना) किया जाता है।

**36.** राजमिस्त्री : फर्श **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) डॉक्टर : अस्पताल (b) जज : कोर्ट
(c) शिक्षक : ब्लैकबोर्ड (d) बढ़ई : दरवाजा

***(d)*** जिस प्रकार 'राजमिस्त्री' 'फर्श' बनाता है, उसी प्रकार 'बढ़ई' 'दरवाजा' बनाता है।

**37.** 'दूर दृष्टि दोष' का जो सम्बन्ध 'आँखों' से है, 'गठिया' का वही सम्बन्ध '........' से है। **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) यकृत (b) जोड़ (c) बाल (d) हृदय

***(b)*** जिस प्रकार, 'दूर दृष्टि दोष' 'आँखों' का एक रोग है, उसी प्रकार 'गठिया' 'जोड़ों' का एक रोग है।

**निर्देश** (प्र. सं. 38 और 39) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**38.** अनुमति देना : वर्जित करना : : डींग मारना : ? **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) संवेदनशील (b) विनम्रता
(c) शेखी बघारना (d) बड़े बोल बोलना

***(b)*** जिस प्रकार, 'अनुमति देना' और 'वर्जित करना' एक-दूसरे के विपरीत हैं। उसी प्रकार, 'डींग मारना' और 'विनम्रता' एक-दूसरे के विपरीत हैं।

**39.** डॉक्टर : कार्डियोलॉजिस्ट **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) इन्जीनियर : केमिकल इन्जीनियर
(b) नर्स : इंजेक्शन
(c) शिक्षक : शिक्षा (d) सर्जन : ऑपरेशन

***(a)*** जिस प्रकार 'कार्डियोलॉजिस्ट' एक प्रकार का 'डॉक्टर' होता है, उसी प्रकार 'केमिकल इन्जीनियर' एक प्रकार का 'इन्जीनियर' होता है।

**40.** जिस प्रकार 'संगीतकार', 'पियानो' से सम्बन्धित हैं, ठीक उसी प्रकार 'किसान', '.........' से सम्बन्धित है। **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) बैल (b) खेत (c) खेती (d) हल

***(d)*** जिस प्रकार 'संगीतकार' 'पियानो' का उपयोग करके संगीत बजाता है, उसी प्रकार 'किसान', 'हल' का उपयोग करके खेत जोतता है।

**41.** निम्नलिखित प्रश्न में सम्बन्धित शब्द-समूह चुनिए।
विश्वास : श्रद्धा **[SSC (10 + 2) 2021]**

(a) खुशी : सफलता (b) निष्पक्ष : सम्पूर्ण
(c) वेतन : रोजगार (d) घृणा : अरुचि

***(d)*** जिस प्रकार 'विश्वास' से 'श्रद्धा' उत्पन्न होती है, उसी प्रकार 'घृणा' से 'अरुचि' उत्पन्न होती है।

**42.** 'लालची' का सम्बन्ध 'उदार' से उसी तरह है, जैसे 'प्रतिशोधी' का सम्बन्ध '.......' से है। **[SSC CPO 2020]**

(a) प्रतिहिंसक (b) निरुत्साही
(c) विरोधी (d) करुणाशील

***(d)*** जिस प्रकार 'लालची' व 'उदार' एक-दूसरे के विपरीत है, उसी प्रकार 'प्रतिरोधी' व 'करुणाशील' भी एक-दूसरे के विपरीत हैं।

**निर्देश** (प्र. सं. 43-46) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**43.** बैले : नृत्य-निर्देशक :: कपड़े : ? **[SSC CPO 2020]**

(a) दर्जी (b) प्रिण्टर
(c) निर्माता (d) दुकानदार

***(a)*** जिस प्रकार 'बैले' का निर्देशन 'नृत्य-निर्देशक' करता है, उसी प्रकार 'कपड़े' 'दर्जी' सिलता है।

**44.** पहिया : आरा (तीली) **[SSC CPO 2020]**

(a) तारा : आकाशगंगा
(b) घर : कमरा
(c) टेबल : कुर्सी
(d) अध्याय : किताब

***(b)*** जिस प्रकार 'पहिए' में 'आरा (तीली)' होती है, उसी प्रकार 'घर' में 'कमरा' होता है।

**45.** कमल : फूल **[SSC CPO 2020]**

(a) फर्नीचर : लकड़ी (b) रियाल : मुद्रा
(c) धातु : ताँबा (d) कागज : किताब

***(b)*** जिस प्रकार 'कमल' एक 'फूल' है, उसी प्रकार 'रियाल' एक 'मुद्रा' है।

**46.** एशिया : चीन **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) अफ्रीका : महाद्वीप
(b) थाईलैंड : बैंकॉक
(c) एशिया : मलेशिया
(d) एशिया : अंटार्कटिका

(c) जिस प्रकार 'एशिया' महाद्वीप का एक देश 'चीन' है, उसी प्रकार 'एशिया' महाद्वीप का एक देश 'मलेशिया' भी है।

**47.** 'पर्दा', 'कपड़ा' से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार 'आभूषण' '.........' से सम्बन्धित है। **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) बहुमूल्य (b) सौन्दर्य
(c) स्वर्णकार (d) स्वर्ण

(d) जिस प्रकार 'पर्दा' 'कपड़े' से बनता है। उसी प्रकार 'आभूषण' 'स्वर्ण से बनते हैं।

**48.** अम्पायर का 'पिच' से वही सम्बन्ध है, जो 'मैकेनिक का '.........' से है। **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) गैराज (b) मशीन
(c) मरम्मत (d) पान (स्पैनर)

(a) जिस प्रकार 'अम्पायर' 'पिच' पर होता है, उसी प्रकार 'मैकेनिक' 'गैराज' में होता है।

**निर्देश** (प्र. सं. 49 और 50) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द समूह को चुनिए।*

**49.** सिरिंज : पिस्टन **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) बल्ब : प्रकाश (b) वाहन : यात्री
(c) गुब्बारा : हवा (d) टायर : ट्यूब

(d) जिस प्रकार 'सिरिंज' के अन्दर 'पिस्टन' होता है, उसी प्रकार 'टायर' के अन्दर 'ट्यूब' होती है।

**50.** सहारा : अफ्रीका **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) गिब्सन : यूरोप
(b) थार : ऑस्ट्रेलिया
(c) सैण्डी : अमेरिका
(d) गोबी : एशिया

(d) जिस प्रकार 'सहारा' मरुस्थल 'अफ्रीका' महाद्वीप में है, उसी प्रकार 'गोबी' मरुस्थल 'एशिया' महाद्वीप में है।

**51.** जो सम्बन्ध 'पाइथागोरस' का 'ज्यामिति' से है, वही सम्बन्ध 'केप्लर' का '......' से है। **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) भूगोल (b) खगोलशास्त्र
(c) प्रकाशिकी (d) इलेक्ट्रॉनिकी

(b) जिस प्रकार 'पाइथागोरस' 'ज्यामिति' के ज्ञाता थे, उसी प्रकार 'केप्लर' 'खगोलशास्त्र' के ज्ञाता थे।

**निर्देश** (प्र. सं. 52-63) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द समूह को चुनिए।*

**52.** कार्य : जूल : : क्षेत्रफल : ? **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) परिमाप (b) लम्बाई
(c) रेडियन (d) हेक्टेयर

(d) जिस प्रकार, 'कार्य' का मात्रक 'जूल' है। उसी प्रकार, 'क्षेत्रफल' का मात्रक 'हेक्टेयर' है।

**53.** गाय : दूध **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) चिड़िया : उड़ना (b) चील : झपटना
(c) बकरी : मिमियाना (d) मुर्गी : अण्डा

(d) जिस प्रकार 'गाय' 'दूध' देती है, उसी प्रकार 'मुर्गी' 'अण्डा' देती है।

**54.** पेण्टिग : कलर : : होमवर्क : ? **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) विद्यालय (b) स्याही
(c) नोटबुक (d) शिक्षक

(b) जिस प्रकार 'पेण्टिग', 'कलर' के उपयोग से बनाई जाती है, उसी प्रकार 'होमवर्क', 'स्याही' के उपयोग से किया जाता है।

**55.** प्रवेश-पत्र : परीक्षा **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) यात्री : बस स्टैण्ड (b) मौसम : जाड़ा
(c) टिकट : रेल-यात्रा (d) होटल : रसोइया

(c) जिस प्रकार 'परीक्षा' में शामिल होने के लिए 'प्रवेश पत्र' आवश्यक है, उसी प्रकार 'रेल यात्रा' के लिए 'टिकट' होना आवश्यक है।

**56.** दस्ताने : हाथ : : जूते : ? **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) घुटना (b) पैर (c) मोची (d) चमड़ा

(b) जिस प्रकार 'दस्ताने' 'हाथ' में पहने जाते हैं, उसी प्रकार 'जूते' 'पैर' में पहने जाते हैं।

**57.** मधुमेह : रोग **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) बोतल : पानी
(b) फसल : किसान
(c) कार्यालय : कर्मचारी
(d) ग्रीष्म : ऋतु

(d) जिस प्रकार 'मधुमेह' एक 'रोग' है, उसी प्रकार 'ग्रीष्म' एक 'ऋतु' है।

**58.** मुक्केबाजी : रिंग : : दौड़ : ? **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) कोर्ट (b) मैदान
(c) अखाड़ा (d) ट्रैक

(d) जिस प्रकार 'मुक्केबाजी' 'रिंग' में होती है उसी प्रकार 'दौड़' 'ट्रैक' पर होती है।

**59.** मक्खन : दूध : : तेल : ? **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) बीज (b) जड़
(c) पेड़ (d) तेल कारखाना

(a) जिस प्रकार 'मक्खन' दूध से बनता है, उसी प्रकार, 'तेल' बीजों से बनता है।

**60.** जहाज : नाविक **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) प्रयोगशाला : वैज्ञानिक
(b) वकील : ऑफिस
(c) जेल : जल
(d) डॉक्टर : इन्जीनियर

(a) जिस प्रकार 'पानी के जहाज' में 'नाविक' कार्य करते हैं, उसी प्रकार 'प्रयोगशाला' में 'वैज्ञानिक' 'कार्य' करते हैं।

**61.** ऊर्जा : जूल :: शक्ति : ? **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) ऊर्जा (b) वॉट (c) कार्य (d) न्यूटन

(b) जिस प्रकार 'ऊर्जा' का मात्रक 'जूल' होता है, उसी प्रकार 'शक्ति' का मात्रक 'वॉट' होता है।

**62.** किसान : खेत : : कलाकार : ? **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) अभिनेता (b) ऐक्शन
(c) थिएटर (d) नायक

(c) जिस प्रकार 'किसान' 'खेतों' में कार्य करता है, उसी प्रकार 'कलाकार' 'थिएटर' में अभिनय करता है।

**63.** कान : कर्णक्ष्वेड **[SSC CGL 2020]**

(a) नेत्र : नेत्ररोग विशेषज्ञ
(b) त्वचा : मुँहासा
(c) जोड़ : मांसपेशी
(d) नाक : तन्त्रिका

(b) जिस प्रकार 'कान' में 'कर्णक्ष्वेड' हो जाते है, उसी प्रकार 'त्वचा' पर 'मुँहासे' हो जाते हैं।

**64.** 'आकार' का 'मध्यम' से वही सम्बन्ध है, जो 'आकृति' का '.........' से है। **[SSC (10 + 2) 2020]**

(a) रंग (b) वस्तु
(c) कोना (d) अण्डाकार

(d) जिस प्रकार 'मध्यम' एक 'आकार' का प्रकार है, उसी प्रकार 'अण्डाकार' एक 'आकृति' का प्रकार होता है।

**65.** 'खगोल विज्ञान' का 'तारों' से जो सम्बन्ध है, वहीं सम्बन्ध 'कृषि विज्ञान' का '........' से है। **[SSC CGL 2020]**

(a) भावनाओं (b) ग्रहों
(c) फसलों (d) खानों

(c) जिस प्रकार 'खगोल विज्ञान' के अन्तर्गत 'तारों' का अध्ययन किया जाता है। उसी प्रकार, 'कृषि विज्ञान' के अन्तर्गत 'फसलों' का अध्ययन किया जाता है।

**निर्देश** (प्र. सं. 66 और 67) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**66.** उत्तर-दक्षिण **[SSC CGL 2020]**

(a) नमनीय : नए लेख
(b) सम्पूर्ण : समस्त
(c) तेवर : मुस्कान
(d) ईमानदारी : इमानदार

*(c)* जिस प्रकार 'उत्तर' व 'दक्षिण' एक-दूसरे की विपरीत दिशा है, उसी प्रकार 'तेवर' व 'मुस्कान' एक-दूसरे की विपरीत क्रिया हैं।

**67.** कार्यालय : कार्य **[SSC CGL 2020]**

(a) मकान : ईंटें
(b) अस्पताल : निदेशक
(c) विद्यालय : अध्ययन/पढ़ाई
(d) न्यायालय : वकील

*(c)* जिस प्रकार 'कार्यालय' में 'कार्य' किया जाता है, उसी प्रकार 'विद्यालय' में 'अध्ययन/पढ़ाई' की जाती है।

**68.** 'मधुमेह' का 'रक्त शर्करा' से वही सम्बन्ध है, जो 'उच्चरक्तचाप' का '...........' से है। **[SSC CGL 2020]**

(a) रक्तचाप
(b) हृदय
(c) शरीर की कोशिकाओं
(d) लाल रक्त कोशिकाओं

*(a)* जिस प्रकार 'मधुमेह' 'रक्त' शर्करा से सम्बन्धित बीमारी है, उसी प्रकार 'उच्च रक्तचाप' 'रक्तचाप' से सम्बन्धित बीमारी है।

**निर्देश** (प्र. सं. 69-74) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**69.** बैक्टीरिया : बीमारी **[SSC CGL 2020]**

(a) वेतन वृद्धि : प्रदर्शन
(b) रंगाई : पेण्टर
(c) बीमारी : डॉक्टर
(d) लापरवाही : गलतियाँ

*(d)* जिस प्रकार 'बैक्टीरिया' से 'बीमारियाँ' होती हैं, उसी प्रकार 'लापरवाही' से 'गलतियाँ' होती हैं।

**70.** मनोरंजक : आनन्दातिरेक : : नम : ? **[SSC CGL 2020]**

(a) तरबतर (b) सूखाना
(c) उमस (d) पानी

*(a)* जिस प्रकार 'मनोरंजक' का समानार्थी शब्द 'आनन्दातिरेक' होता है। उसी प्रकार, 'नम' का समानार्थी शब्द 'तरबतर' (अत्यधिक नमी) होता है।

**71.** फसल : किसान : : भोजन :? **[SSC CGL 2020]**

(a) बर्तन (b) सब्जियाँ
(c) बावर्ची (d) रसोईघर

*(c)* जिस प्रकार 'फसल' 'किसान' उगाता है, उसी प्रकार 'भोजन' 'बावर्ची' बनाता है।

**72.** खिलाड़ी : टीम **[SSC CGL 2020]**

(a) छात्र : अध्यापक (b) पुष्प : पुष्पगुच्छ
(c) चींटी : मधुमक्खी (d) उद्देश्य : भीड़

*(b)* जिस प्रकार 'खिलाड़ी' एक 'टीम' में खेलते हैं, उसी प्रकार 'पुष्प' 'पुष्पगुच्छ' में खिलते हैं।

**73.** परीक्षा : निरीक्षक **[SSC CGL 2020]**

(a) चुनाव : प्रेक्षक
(b) निरीक्षण : स्वीकृति
(c) बैंक : ऋण
(d) फिल्म : कॉमेडियन

*(a)* जिस प्रकार 'परीक्षा' के दौरान 'निरीक्षक' जाँच करने आते हैं, उसी प्रकार 'चुनाव' के दौरान 'प्रेक्षक' जाँच करने आते हैं।

**74.** मन्त्री : परिषद :: नाविक : ? **[SSC CGL 2020]**

(a) समुद्र (b) चालक दल (क्रू)
(c) कप्तान (d) जहाज

*(b)* जिस प्रकार 'मन्त्री' 'परिषद' के सदस्य होते हैं, उसी प्रकार 'नाविक', 'चालक दल' के सदस्य होते हैं।

**75.** 'आलोचना' का 'निन्दा' से जो सम्बन्ध है, वही सम्बन्ध 'एकजुटता' का '.......' से है। **[SSC CGL 2020]**

(a) एकता *(b)* समृद्धि (c) नृशंस (d) दोषी

*(a)* जिस प्रकार 'आलोचना' का समानार्थी शब्द 'निन्दा' है, उसी प्रकार 'एकजुटता' का समानार्थी शब्द 'एकता' है।

**76.** 'कशेरुकी' का 'बन्दर' से जो सम्बन्ध है, वही सम्बन्ध 'अकशेरुकी' का '..........' से है। **[SSC CGL 2020]**

(a) स्टारफिश (b) मेंढक
(c) हिरण (d) साँप

*(a)* जिस प्रकार 'बन्दर' एक 'कशेरुकी' जीव है, उसी प्रकार 'स्टारफिश' एक 'अकशेरुकी' जीव है।

**निर्देश** (प्र. सं. 77-79) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द-समूह को चुनिए।*

**77.** भारी भूल : गलती **[SSC CGL 2020]**

(a) बोलना : सुनना
(b) युद्ध : शान्ति
(c) उल्लासोन्माद : आनन्द
(d) क्रोध: आग बबूलापन

*(c)* जिस प्रकार 'भारी भूल' और 'गलती' समानार्थी शब्द हैं, उसी प्रकार 'उल्लासोन्माद' और 'आनन्द' भी समानार्थी शब्द हैं।

**78.** हल्दी : मसाले **[SSC CGL 2020]**

(a) अंजीर : काजू
(b) खजूर : मेवा
(c) खुबानी : नाशपाती
(d) जायफल : सूखी मिर्च के छोटे टुकड़े

*(b)* जिस प्रकार 'हल्दी' एक प्रकार का 'मसाला' है, उसी प्रकार 'खजूर' एक प्रकार का 'मेवा' है।

**79.** दन्त विशेषज्ञ : डॉक्टर **[SSC CGL 2020]**

(a) जीव विज्ञान : ज्योतिष
(b) रसायन विज्ञान : विज्ञान
(c) बीजगणित : ज्यामिति
(d) रेखा : वृत्त

*(b)* जिस प्रकार 'दन्त विशेषज्ञ' एक 'डॉक्टर' होता है, उसी प्रकार 'रसायन विज्ञान' 'विज्ञान' की एक शाखा है।

**80.** 'गेहूँ' का 'ब्रेड' से जो सम्बन्ध है, वही सम्बन्ध 'गन्ने' का '.........' से है। **[SSC CGL 2020]**

(a) घास (b) चटनी
(c) गुड़ (d) मेयोनेज

*(c)* जिस प्रकार 'गेहूँ' से 'ब्रेड' बनती है, उसी प्रकार 'गन्ने' से 'गुड़' बनता है।

**81.** 'अंगूर' का 'फल' से वही सम्बन्ध है, जो 'काली मिर्च' का '........' से है। **[SSC CGL 2020]**

(a) मेवे (b) दालों
(c) अनाज (d) मसाले

*(d)* जिस प्रकार 'अंगूर' एक 'फल' है, उसी प्रकार 'काली मिर्च' एक 'मसाला' है।

**82.** 'कड़ी', 'चेन' से उसी तरह से सम्बन्धित है जिस तरह 'मनका', '......' से सम्बन्धित है। **[SSC CPO 2019]**

(a) मोती (b) हार
(c) आभूषण (d) समुद्र

*(b)* जिस प्रकार चेन' 'कड़ियों' से मिलकर बनती है, उसी प्रकार 'हार' 'मनकों' से मिलकर बनता है।

**निर्देश** (प्र. सं. 83-86) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**83.** साधु : मठ : : शूरवीर : ? **[SSC CPO 2019]**

(a) अस्बल (b) कुटिया
(c) महल (d) विहार

*(c)* जिस प्रकार, 'साधु' का निवास स्थान 'मठ' है, उसी प्रकार, 'शूरवीर' का निवास स्थान 'महल' होता है।

**84.** पत्तियाँ : सरसराहट **[SSC CPO 2019]**

(a) सियार : गर्जन (b) बारिश : टिप-टिप
(c) नगाड़ा : झनक (d) घण्टी : मन्दिर

*(b)* जिस प्रकार, 'पत्तियों' की ध्वनि 'सरसराहट' होती है, उसी प्रकार, 'बारिश' की ध्वनि 'टिप-टिप' होती है।

**85.** थकान : आराम **[SSC CPO 2019]**

(a) पानी : प्यास (b) रोग : औषधि
(c) अन्धेरा : रात (d) भोजन : भूख

*(b)* जिस प्रकार 'थकान' को मिटाने के लिए 'आराम' की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार 'रोग' को समाप्त करने के लिए 'औषधि' की आवश्यकता होती है।

**86.** चम्मच : काँटा : : प्लेट : ? **[SSC MTS 2019]**

(a) कुकर (b) कड़ाही
(c) चूल्हा (d) कटोरा

*(d)* जिस प्रकार 'चम्मच' और 'काँटा' दोनों भोजन खाने के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उसी प्रकार 'प्लेट' और 'कटोरा' भोजन रखने के लिए प्रयोग किए जाते हैं।

**87.** 'मवेशी' शब्द 'झुण्ड' से उसी तरह सम्बन्धित है जैसे 'खिलाड़ी' '........' से सम्बन्धित है। **[SSC MTS 2019]**

(a) टीम (b) टूर्नामेण्ट
(c) गैंग (d) मेडल

*(a)* जिस प्रकार 'मवेशी' का समूह 'झुण्ड' कहलाता है, उसी प्रकार 'खिलाड़ी' का समूह 'टीम' कहलाती है।

**88.** जिस प्रकार 'रबर' 'स्टेशनरी' से सम्बन्धित है, ठीक उसी प्रकार 'तश्तरी' सम्बन्धित है **[SSC MTS 2019]**

(a) फुटबॉल (b) मेज
(c) चाय (d) बर्तन

*(d)* जिस प्रकार 'रबर' 'स्टेशनरी' का एक भाग है, उसी प्रकार 'तश्तरी' 'बर्तन' का एक भाग है।

**निर्देश** (प्र. सं. 89-92) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।* **[SSC MTS 2019]**

**89.** कर्णपालि : कान : : ? : आँख

(a) कनीनिका (b) एनविल
(c) विजन (d) कॉरनस

*(a)* जिस प्रकार 'कर्णपालि' 'कान' का दिखने वाला बाह्य भाग है, उसी प्रकार 'कनीनिका' 'आँख' का दिखने वाला बाह्य भाग है।

**90.** भट्टा : ईंटें :: ? : ब्रेड

(a) बेकरी
(b) शराब बनाने का स्थान (डिस्टिलरी)
(c) दुकान
(d) डेयरी

*(a)* जिस प्रकार 'भट्टे' में 'ईंटें' निर्मित होती हैं, उसी प्रकार 'बेकरी' में 'ब्रेड' निर्मित होते हैं।

**91.** दर्जी : सिलाई मशीन :: किसान : ?

(a) फसलें (b) खेत (c) हल (d) बीज

*(c)* जिस प्रकार 'सिलाई मशीन' का उपयोग 'दर्जी' द्वारा कपड़े सिलने के लिए किया जाता है, उसी प्रकार 'हल' का उपयोग 'किसान' द्वारा खेत जोतने के लिए किया जाता है।

**92.** विषदार मेंढ़क : उभयचर

(a) घोंघा : उभयचर (b) केकड़ा : उभयचर
(c) गिलहरी : सरीसृप (d) कछुआ : सरीसृप

*(d)* जिस प्रकार 'विषदार मेंढक', 'उभयचर' प्रजाति का जीव है, उसी प्रकार 'कछुआ', 'सरीसृप' प्रजाति का जीव है।

**93.** 'रचनात्मक' का 'अभिनव' से वही सम्बन्ध है, जो 'स्पष्ट' का '......' से है। **[SSC MTS 2019]**

(a) अस्पष्ट (b) पारदर्शी (c) सहज (d) आवृत

*(b)* जिस प्रकार 'रचनात्मक' और 'अभिनव' परस्पर समानार्थी शब्द हैं, उसी प्रकार 'स्पष्ट' और 'पारदर्शी' परस्पर समानार्थी शब्द हैं।

**निर्देश** (प्र. सं. 94-101) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**94.** प्लेट : बर्तन :: कार : ? **[SSC MTS 2019]**

(a) ड्राइवर (b) वाहन (c) टायर (d) बाइक

*(b)* जिस प्रकार 'प्लेट' 'बर्तन' समूह का अंग है, उसी प्रकार 'कार' 'वाहन' समूह का अंग है।

**95.** चाप : वृत्त :: ? **[SSC MTS 2019]**

(a) घड़ी : सुई (b) घर : कमरा
(c) ब्लेड : सोफा (d) टायर : बाइक

*(d)* जिस प्रकार 'चाप', 'वृत्त' का भाग है, उसी प्रकार 'टायर' 'बाइक' का एक भाग है।

**96.** छूना : धकेलना : : बोलना : ? **[SSC MTS 2019]**

(a) अपराध (b) त्रुटि
(c) उदास (d) चिल्लाना

*(d)* जिस प्रकार 'तेजी से छूना' 'धकेलना' कहलाता है, उसी प्रकार 'तेजी से बोलना' 'चिल्लाना' कहलाता है।

**97.** बासी : ताजा **[SSC MTS 2019]**

(a) गहरा : सख्त
(b) गर्मी : सूर्य
(c) निर्माण करना : बल्ला
(d) अन्तिम : आरम्भिक

*(d)* जिस प्रकार 'बासी' का विपरीत 'ताजा' है, उसी प्रकार 'अन्तिम' का विपरीत 'आरम्भिक' है।

**98.** वृत्त : आकृति **[SSC MTS 2019]**

(a) खिलौना : खेलना
(b) कार : चालक
(c) शार्पनर : लेखन-सामग्री
(d) कृंतक : सरीसृप

*(c)* जिस प्रकार 'वृत्त' एक 'आकृति' है, उसी प्रकार 'शार्पनर' एक 'लेखन-सामग्री' है।

**99.** गुफा : शेर :: अस्तबल : ? **[SSC MTS 2019]**

(a) घोड़ा (b) कार
(c) बाघ (d) पक्षी

*(a)* जिस प्रकार 'गुफा' में 'शेर' रहता है, उसी प्रकार 'अस्तबल' में 'घोड़ा' रहता है।

**100.** व्यायाम : स्वस्थता **[SSC (10 + 2) 2019]**

(a) उपचार : स्वास्थ्य लाभ
(b) शौक : इण्टरनेट
(c) एकता : युद्ध
(d) शिक्षा : संस्थान

*(a)* जिस प्रकार 'व्यायाम' करने से व्यक्ति 'स्वस्थ' रहता है, उसी प्रकार किसी 'बीमारी' में उपचार करने से 'स्वास्थ्य' में लाभ होता है।

**101.** छड़ : पहिया **[SSC (10 + 2) 2019]**

(a) वर्ग : भुजा (b) प्रिण्टर : कम्प्यूटर
(c) पेड़ : टहनी (d) शब्द : वाक्य

*(d)* जिस प्रकार 'पहिए' में कई 'छड़े' (तिलियाँ) होती हैं, उसी प्रकार, 'वाक्य' में कई 'शब्द' होते हैं।

**102.** कार्डियोलॉजिस्ट सम्बन्धित है हार्ट से, उसी प्रकार क्रिपोरेक्टर सम्बन्धित है **[SSC (10 + 2) 2019]**

(a) पैर (b) जोड़ों
(c) त्वचा (d) छाती

*(b)* जिस प्रकार 'कार्डियोलॉजिस्ट' 'हार्ट' का डॉक्टर होता है, उसी प्रकार 'क्रिपोरेक्टर' 'जोड़ों' का डॉक्टर होता है।

**103.** 'हार्ट' का सम्बन्ध 'परिसंचरण' से उसी तरह है, जैसे 'फेफड़ों' का सम्बन्ध' '.......' से है। **[SSC (10 + 2) 2019]**

(a) पसलियाँ (b) श्वसन
(c) उत्सर्जन (d) ऑक्सीजन

*(b)* जिस प्रकार 'हार्ट' का कार्य शरीर में रक्त 'परिसंचरण' करना है, उसी प्रकार 'फेफड़ों' का कार्य 'श्वसन' करना (साँस लेना) है।

**104.** जिस प्रकार 'मूल्यवान' का सम्बन्ध 'कीमती' से है, उसी प्रकार 'सूखा' का सम्बन्ध '........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) नम (b) खेत
(c) निर्जल (d) खुरदरा

*(c)* जिस प्रकार 'मूल्यवान', 'कीमती' का पर्याय है, उसी प्रकार.'सूखा' 'निर्जल' का पर्याय है।

**निर्देश** (प्र. सं. 105-110) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**105.** त्वचाविज्ञान : त्वचा **[SSC CGL 2019]**

(a) बालचिकित्सा : फेफड़े
(b) दवाई : उपचार
(c) हृदयरोग विज्ञान : एन्जियोग्राफी
(d) ऑर्थोपैडिक्स : हड्डियाँ

*(d)* जिस प्रकार 'त्वचाविज्ञानी' 'त्वचा' रोग का विशेषज्ञ होता है उसी प्रकार 'ऑर्थोपैडिक्स' 'हड्डी' रोग का विशेषज्ञ होता है।

**106.** पीतल : ताँबा **[SSC CGL 2019]**

(a) निकेल : लोहा (b) क्रोमियम : चाँदी
(c) टाँका : टिन (d) कांस्य : सोना

*(c)* जिस प्रकार 'पीतल' का प्राथमिक स्रोत 'ताँबा' होता है, उसी प्रकार 'टाँका' का प्राथमिक स्रोत 'टिन' होता है।

**107.** अखरोट : अन्जीर **[SSC CGL 2019]**

(a) हल्दी : मसाले (b) हींग : काजू
(c) बादाम : मेवा (d) किशमिश : खुबानी

*(d)* जिस प्रकार 'अखरोट' व 'अन्जीर' दोनों सूखे मेवे के अन्तर्गत आते हैं, उसी प्रकार, 'किशमिश' व 'खुबानी' भी सूखे मेवे के अन्तर्गत आते हैं।

**108.** पाँव : मोजे **[SSC CGL 2019]**

(a) पैर : बनियान (b) सिर : पगड़ी
(c) पेट : पैण्ट (d) ऊँगली : नाखून

*(b)* जिस प्रकार 'पाँव' में 'मौजे' पहने जाते हैं, उसी प्रकार 'सिर' पर 'पगड़ी' पहनी जाती है।

**109.** वस्तु-विनिमय : वस्तुएँ **[SSC CGL 2019]**

(a) उपचार : रोग
(b) पत्र-व्यवहार : पत्र
(c) आवागमन : ट्रैफिक
(d) वाद-विवाद : चर्चा

*(b)* जिस प्रकार 'वस्तु-विनिमय' में 'वस्तुओं' का आदान-प्रदान होता है, उसी प्रकार 'पत्र-व्यवहार' में 'पत्रों' का आदान-प्रदान होता है।

**110.** सहलाना : प्रेम **[SSC CGL 2019]**

(a) अपराध : स्वीकारोक्ति
(b) क्रोध : भावना
(c) लात मारना : दुश्मनी
(d) साक्षात्कार : चयन

*(c)* जिस प्रकार, किसी प्राणी को 'सहलाने' से 'प्रेम' का भाव उत्पन्न होता है। उसी प्रकार, 'लात मारने' से 'दुश्मनी' पैदा होती है।

**111.** जिस प्रकार 'उड़ने' का सम्बन्ध 'पक्षी' से है, उसी प्रकार 'सरपट दौड़' का सम्बन्ध '........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) घोड़ा (b) बाघ (c) हाथी (d) शेर

*(a)* जिस प्रकार 'पक्षी' 'उड़ते' हैं, उसी प्रकार 'घोड़ा' 'सरपट दौड़ता' है।

**112.** जिस प्रकार 'जिओलॉजी' का सम्बन्ध 'चट्टानों' से है, उसी प्रकार 'साइटोलॉजी' का सम्बन्ध '..........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) जीवन (b) कोशिकाएँ (c) पौधे (d) जीव

*(b)* जिस प्रकार 'जिओलॉजी' में 'चट्टानों' का अध्ययन किया जाता है, उसी प्रकार, 'साइटोलॉजी' में 'कोशिका विज्ञान' होती है, जिसमें 'कोशिकाओं' का अध्ययन किया जाता है।

**113.** जिस प्रकार 'इन्सुलिन' का सम्बन्ध 'हॉर्मोन' से है, उसी प्रकार 'पेप्सिन' का सम्बन्ध '........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) विटामिन (b) पाचन
(c) एन्जाइम (d) पेट

*(c)* जिस प्रकार 'इन्सुलिन' एक 'हॉर्मोन' है जिसका निर्माण अग्न्याशय में होता है, उसी प्रकार 'पेप्सिन' एक 'एन्जाइम' है।

**114.** जिस प्रकार 'प्रसन्न' का सम्बन्ध 'उदास' से है, उसी प्रकार 'उदार' का सम्बन्ध '..........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) निराश (b) बुद्धिमान
(c) दयालु (d) स्वार्थी

*(d)* जिस प्रकार 'प्रसन्न' का विपरीत 'उदास' होता है, उसी प्रकार 'उदार' का विपरीत 'स्वार्थी' होता है।

**115.** जिस प्रकार, 'टूट' का सम्बन्ध 'एकता' से है, उसी प्रकार, 'सुधार' का सम्बन्ध '........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) सिलाई (b) असुविधा
(c) क्षति (d) खुरदरा

*(c)* जिस प्रकार 'टूट' का विपरीतार्थक 'एकता' होता है, उसी प्रकार 'सुधार' का विपरीतार्थक 'क्षति' (गिरावट, नुकसान) होता है।

**116.** जिस प्रकार, 'अध्ययन' का सम्बन्ध 'ज्ञान' से है, उसी प्रकार 'कार्य' का सम्बन्ध '.......' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) रोजगार (b) प्रशिक्षण
(c) वेतन (d) अनुभव

*(d)* जिस प्रकार 'अध्ययन' करने से ज्ञान बढ़ता है, उसी प्रकार, 'कार्य' करने से अनुभव बढ़ता है।

**निर्देश** (प्र. सं. 117-119) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित शब्द/शब्द-समूह को चुनिए।*

**117.** दुख : सांत्वना **[SSC CGL 2019]**

(a) खुशी : उत्तेजना (b) सूखा : अकाल
(c) ग्रह : परिक्रमण (d) दर्द : शामक

*(d)* जिस प्रकार 'दु:ख' में 'सांत्वना' दी जाती है, उसी प्रकार 'दर्द' में 'शामक' (दवाएँ) दी जाती हैं।

**118.** लेखक : पुस्तक **[SSC CGL 2019]**

(a) सरीसृप : रेंगना (b) डॉक्टर : दवाई
(c) माँ : पुत्र (d) मकड़ी : जाल

*(d)* जिस प्रकार 'लेखक' 'पुस्तक' लिखता है! उसी प्रकार 'मकड़ी' 'जाल' बनाती है।

**119.** उदासीनता : उत्साह **[SSC CGL 2019]**

(a) सन्धि : मित्रता
(b) युद्ध : हमला
(c) नामांकन : सेवायोजन
(d) निन्दा : आदर

*(d)* जिस प्रकार 'उदासीनता' का विपरीत शब्द 'उत्साह' है, उसी प्रकार 'निन्दा' का विपरीत शब्द 'आदर' है।

**120.** जिस प्रकार 'कमरे' का सम्बन्ध 'छत' से है, उसी प्रकार 'मुँह' का सम्बन्ध '.......' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) गला (b) दाँत (c) होठ (d) तालु

*(d)* जिस प्रकार 'कमरे' के अन्दर ऊपरी सतह 'छत' कहलाती है, उसी प्रकार, 'मुँह' के अन्दर ऊपरी सतह 'तालु' कहलाती है।

**121.** जिस प्रकार 'सिनेमा' का सम्बन्ध 'दर्शकगण' से है उसी प्रकार 'चर्च' का सम्बन्ध '........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) एकग्रता (b) समागम
(c) प्रार्थना (d) ध्यान

*(b)* जिस प्रकार 'सिनेमा' देखने के लिए 'दर्शकगण' जाते हैं, उसी प्रकार 'चर्च' में व्यक्तियों का 'समागम' होता है।

**122.** जिस प्रकार 'अधिवक्ता' का सम्बन्ध 'न्याय' से है, उसी प्रकार 'मध्यस्थ' का सम्बन्ध '..........' से है। **[SSC CGL 2019]**

(a) समझौता (b) अन्याय
(c) संचार (d) निर्णय

*(a)* जिस प्रकार 'अधिवक्ता' 'न्याय' दिलाता है, उसी प्रकार 'मध्यस्थ' 'समझौता' करवाता है।